# bihar board class 8th english | SIKKIM

**SIKKIM**
[ HINDI TRANSLATION OF THE CHAPTER ]

**Sikkim is a tiny……… state of India .**
Word meaning : Tiny ( adj ) [ टाइनी ] = छोटा | Eastern ( adj ) [ इस्टन ] = पूर्वी , पूर्व देश का । Rounded ( adj ) [ राउन्डेड ] = घिरा हुआ । Plateau ( n ) [ प्लेटो ] = पठार । Valley ( n ) [ वैली ] = घाटी । Inhabitants ( n ) [ इनहैबिटेन्ट्स ] = निवासी ।
**अर्थ** — पूर्वी हिमालय के बीच के क्षेत्र में एक छोटा – सा राज्य बसा हुआ है , जिसका नाम है सिक्किम । इसके उत्तर में स्थित है तिब्बत के पठार , पूर्वी दिशा में है तिब्बत देश के चुम्बी घाटी और भूटान की राजधानी । सिक्किम के पश्चिम दिशा में नेपाल है तो दक्षिण दिशा में स्थित है , दार्जिलिंग ( पश्चिम बंगाल ) । सन् 1975 ई . में सिक्किम बना था , भारत देश का बाईसवाँ राज्य । यहाँ कि आबादी बेहद कम है — मात्र 540 , 493 निवासी हैं यहाँ । यहाँ की भूमि का क्षेत्रफल है 7,096 वर्ग किलोमीटर । भारत देश का सबसे कम आबादी वाला राज्य सिक्किम है ।

**The word ' Sikkim ….. valley of rice .**

Word meaning : Combination ( n ) [ कम्बीनेशन ] = मिला हुआ , संयुक्त । Refer ence ( n ) [ रेफरेन्स ] = सन्दर्भ । Built ( v ) [ बिल्ट ] = बना हुआ । Ruler ( m ) [ रूलर ] = शासक ।
**अर्थ** — ' सिक्किम ' शब्द ' सु ' ( अर्थ है- " नया " ) और ' ख्यीम ' इन दो शब्दों के मेल से बना एक नया शब्द है जिसका अर्थ होता है " महल " अथवा " घर " । अत : इस नये शब्द का माने। हुआ नया घर अथवा नया महल । यह शब्द इस राज्य के पहले शासक फुन्टसोक नामग्याल के महल को लेकर गढ़ा गया शब्द है , यानी कि उस शासक का नया महल या नया घर । तिब्बती नाम सिक्किम बना है " डेनजोंग ' । ' डेनजोंग ' शब्द का अर्थ है ' चावल की घाटी ' ।

**Sikkim is divided……… respectively .**

Word meaning : Include ( v ) [ इनक्लूड ] = शामिल करना । Headquarter ( n ) [ हेडक्वार्टर = मुख्यालय | Respectively ( adv ) [ रेस्पेक्टिवली ] = क्रमशः ।

**अर्थ**– सिक्किम राज्य को चार भागों में बांटा गया है । पूर्वी सिक्किम , पश्चिम सिक्किम , उत्तरी सिक्किम और दक्षिणी सिक्किम । इसका जिला मुख्यालय क्रमशः निम्न हैं — गंगटोक , गेजिंग , मंगन और नामची ।

**Gangtok is the ……. deity of Sikkim .**

Word meaning : Literally ( adv ) [ लिटरली ] = शाब्दिक । Magnificent ( adj ) [ मैग्नीफिसेन्ट ] = शानदार । Deity ( n ) [ डेटी ] = देवता ।

**अर्थ**– सिक्किम की राजधानी का नाम है गैंगटोक । इस शब्द का शाब्दिक अर्थ होता है ' ऊंची पहाड़ी ' । यहाँ पर कंचनजंघा का अद्भुत शानदार नजारा दिखता है । जो कि बर्फ से ढंका हुआ बड़ा शानदार – सुन्दर दिखता है । यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पर्वत – चोटी है जिसे यहाँ देवता के समान पूजा जाता है ।

**Sikkim is rich ….. flower of Sikkim .**

Word meaning : Flora ( n ) [ फ्लोरा ] = वनस्पति । Fauna ( n ) [ फॉना ] = जीव – जन्तु । Monasteries ( n ) [ मानेस्टरीज ] = मठ । Orchid ( n ) [ ऑरकिड ] = बगीचा रंग – बिरंगे फूलों और पौधों का ।

**अर्थ** – सिक्किम को वनस्पतियों और जीव – जन्तुओं के मामले में अत्यन्त समृद्ध माना जाता है । यहाँ नदियाँ धाराएँ , मठ और झीलें भी खूब हैं । यहाँ कई प्रकार के पाये जाने वाले पौधों – पेड़ों में शामिल हैं राजकीय पेड़ रोडोडेन्ड्रेन , ऑर्किड , गूलर , केला का पेड़ , साल पेड़ और बाँस । अन्य जो पेड़ यहाँ प्राप्त हैं उनमें शामिल हैं , बलूत , अखरोट , मैपल नामक छायादार पेड़ , भोजपत्र , एल्डर , चम्पा । ये सब काफी मात्रा में पाये जाते हैं । रंग – बिरंगा डेन्ड्रोबियम नोबाइल यहाँ का राजकीय फूल है ।

**The fauna of Sikkim……. beast of burden .**

( Page – 88 ) Word meaning : Leopard ( n ) [ लेपर्ड ] = तेंदुआ , चीता । Musk deer ( n ) [ मस्क डीअर ) = कस्तूरी मृग / हिरण । Hog ( n ) [ हॉग ] = बधिया किया हुआ सूअर | Reared ( v ) [ रीअड ) = पालना ।

**अर्थ** –सिक्किम में नाना प्रकार के जानवर पाये जाते हैं । वहाँ पाये जाने वाले जानवरों में शामिल हैं — कस्तूरी मृग , गिलहरी , भोरल नामक जंगली जानवर , हिमालयी तहर , लाल पंडा , हिमालयी मारमट ( एक प्रकार की गिलहरी ) , सेरो नामक जानवर , मूंकने वाला हिरण , आम तौर पर पाया जाने वाला लंगूर , हिमालयी काला भालू , चितकबरा तेंदुआ , संगमरमर के जैसी सफेद रंग की बिल्लियाँ , तेंदुआ के जैसी बिल्ली , जंगली कुत्ता , तिब्बती भेड़िया , बधिया किया हुआ सूअर , रीछ , बिनटूटंग नामक जंगली जानवर , जंगली बिल्ली और बिल्ली के जैसी एक जंगली जन्तु सिवेट नाम की । सबसे ज्यादा यहाँ पर याक नामक तिब्बती जानवर पाया जाता है जिसे अधिकतर लोग दूध के लिए , माँस के लिए और बोझा ढोने के लिए उपयोग में लाते हैं ।

**The birds found ……….. and robins .**

Word meaning : Pheasant ( n ) [ फेजन्ट ] = तीतर पक्षी | Crimson ( adj ) [ क्रिमसन ] = गहरे लाल रंग का । Partridge ( n ) [ पारट्रिज ] = तीतर । Rooster ( n ) [ रूस्टर ] = मुर्गा । Quail ) n ) [ क्वेल ] = बटेर । Plover ( n ) [ प्लोवर ] = बुलबुल – सी चिड़िया | Robin ( n ) [ गबिन ] = एक गानेवाली चिड़िया , लाल छाती वाली ।सम्पर्क भाषा ।

**अर्थ** -सिक्किम में कई प्रकार के पक्षी पाये जाते हैं । उन पक्षियों में से प्रमुख हैं – इम्पियन फेजन्ट ( तीतर ) , गहरे लाल रंग का सींगों वाला फैजन्ट , बर्फ के रंग का तीतर , बर्फ में रहने वाला मुर्गा , लैमरगीयर , गिद्ध । इनके साथ – साथ यहाँ सुनहरे रंग की चील , बटेर , बुलबुल , कुक्कुट या जंगली मुर्गा , टिटिहरी पक्षी , कबूतर , बैबलर और रॉबिन नामक गाने वाली चिड़ियाँ भी पायी जाती है ।

**Sikkim is predominantly …….. and Tamang .**

Word meaning : Predominantly ( adv ) [ प्रिडॉमिनेन्टली ] = मुख्य तौर पर । In habited ( v ) [ इनहैविटेड ] = बसा हुआ । Lingua Franca ( n ) [ लिंगुआ फ्रैंका ] = मुख्य भाषा ,


https://www.evidyarthi.in/

**अर्थ** – सिक्किम में मुख्य तौर पर लेप्चा , नेपाली और भूटिया रहा करते हैं । सिक्किम में मुख्य तौर पर बोली जाने वाली भाषा है नेपाली । वैसे यहाँ पर हिन्दी और अंग्रेजी भाषा भी बोली और समझी जाती है जो अन्य भाषाएँ भूटिया , गुरूग , लेप्चा , लिम्बू , मगर , नेवरी , राई , शेरपा , सुनुवार और तमंग ।

**The people in the .......iron and coal .**

Word meaning : Rural ( adj ) [ रूरल ] = ग्रामीण , गाँव का I Cardamom ( m ) [ कारडमम ] = इलायची नामक मसाला I Ginger ( n ) [ जिन्जर ] = अदरक I Southern ( adj ) [ साउदन ] = दक्षिणी I Producer ( n ) [ प्रोड्यूसर ] = उत्पादक I Mineral ( n ) [ मिनरल ] = खनिज I Copper ( n ) [ कॉपर ] = ताँबा I Graphite ( n ) [ ग्रेफाइट ] = काला सीसा ( एक खनिज ) I

**अर्थ** -सिक्किम के गाँवों में लोग कई प्रकार की चीजें उपजाते हैं । उनमें शामिल हैं — इलायची , अदरक , संतरा , सेब , चाय और रंग – बिरंगे फूल । दक्षिणी तरफ पहाड़ियों के पास चावल भी उपजाए जाते हैं । भारत में सबसे ज्यादा इलायची यहीं से जाता है । जो खनिज यहाँ निकाले जाते हैं । उनमें शामिल हैं ताँबा , डोलोमाइट , चूना , ग्रेफाइट ( काला सीसा ) , अभ्रक , लोहा और कोयला ।

**The people of ........ Dasain and Christmas .**

: Celebrate ( v ) [ सेलिब्रेट ] = मनाना ( किसी उत्सव को ) | Major ( n ) [ मेजर ] = प्रमुख I Such as ( phr ) [ सच एज ] = जैसे कि I Mostly ( adv ) [ मोस्टली ] = अधिकतर | Associate ( v ) [ एसोसिएटेड ] = जुड़ा हुआ I Popular ( adj [ पोप्यूलर ] = चर्चित

**अर्थ** – सिक्किम के लोग दिवाली और दशहरा जैसे भारतीय पर्व – त्योहारों को भी मनाया करते हैं । वैसे वहाँ के लोग बुद्ध भगवान को ज्यादा मानते हैं इसलिए बौद्ध धर्म के पर्व को ज्यादा मनाते हैं । यहाँ के प्रमुख पर्व हैं — लोसट , सागा दावा , लबाब घूचिन , फंग लबसोल , द्रूपका तेसी , बुमच , लूसूंग , तिहार , दसेन और क्रिसमस ।

**Summary :**
Sikkim is a tiny mountainous state . It is the least populated state of India . In 1975 , Sikkim became the 22nd state of India . It has only 540 , 493 inhabitants and a total area of 7,096 square kilometres .
The word ‘ Sikkim ‘ means ‘ new house ‘ or ‘ new palace ‘ . Gangtok is the capi tal of Sikkim . The Tibetan name for Sikkim is ‘ Denjong ‘ which means the ‘ val ley of rice ‘ . It is a very beautiful place for tourism . It is rich and flora and fauna . Nepali is the main language of Sikkim . Here people mostly follow ‘ Buddhism ‘ . So , they mostly celebrate the festivals of buddhist . Christmas , Diwali and Dussehra are also celebrated by the people of Sikkim .

**सारांश –**
सिक्किम एक पहाड़ी राज्य है । यह भारत का सबसे कम आबादी वाला राज्य है । 1975 में सिक्किम भारत का बाइसवाँ ( 22 वाँ ) राज्य बना । यहाँ की आबादी है , मात्र 540 , 493 और यहाँ का कुल क्षेत्रफल है 7,096 वर्ग किलोमीटर । ‘ सिक्किम ‘ शब्द का अर्थ है ‘ नया घर ‘ या ‘ नया महल ‘ । गंगटोक सिक्किम की राजधानी है । सिक्किम का तिब्बती नाम ‘ डेनजोंग ‘ है जिसका शाब्दिक अर्थ है ‘ चावल की घाटी ‘ । यह पर्यटन 1के लिए उत्तम

स्थल है । यह राज्य वनस्पतियों और जन्तुओं के मामले में समृद्ध है । सिक्किम की मुख्य भाषा नेपाली है । यहाँ के लोग ज्यादातर बौद्ध धर्म को मानते हैं । इसलिए यहाँ अधिकतर बौद्ध धर्म से जुड़े पर्व ही मनाये जाते हैं । वैसे यहाँ के निवासी क्रिसमस , दिवाली और दशहरा भी मनाते हैं ।

evidyarthi


https://www.evidyarthi.in/